




शनिवार

25 मार्च, 2023

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

डिजिटल संस्करण


# पीएम मोदी ने वाराणसी को दी 1780 करोड़ रु. की परियोजनाओं की सौगात, बनेगा रोप-वे

**एजेंसी/वाराणसी**



पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 1780 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का शिलान्यास करते हुए पीएम मोदी ने कहा, नवरात्रि का पुण्य समय है। आज मां चंद्रघंटा की पूजा का दिन है। ये मेरा सौभाग्य है इस पावन अवसर पर आज मैं काशी की धरती पर आप सब के बीच हूं। मां चंद्रघंटा के आशीर्वाद से आज बनारस की सुख-समृद्धि में एक और अध्याय जुड़ रहा है, आज यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का शिलान्यास किया गया है।

उन्होंने कहा, काशी के विकास की चर्चा आज पूरे देश और दुनिया में हो रही है, जो भी काशी आ रहा है वो यहां से नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। मुझे देश-विदेश में मिलने वाले लोग बताते हैं कि वो किस तरह विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण से मंत्रमुग्ध हैं। उन्होंने कहा कि रोड हो, पुल हो, रेल हो, एयरपोर्ट हो, कनेक्टिविटी के तमाम नए साधनों ने काशी आना-जाना बहुत आसान कर दिया है, लेकिन अब हमें एक कदम और आगे बढ़ना है। अब जो ये रोप-वे यहां बन रहा है, इससे काशी की सुविधा और आकर्षण दोनों बढ़ेगा। आज बनारस की एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा काम हुआ है। बाबतपुर हवाई अड्डे में आज नए एटीसी टावर का लोकार्पण हुआ है।

उन्होंने कहा कि बनारस एयरपोर्ट पर नया एटीसी टॉवर का शिलान्यास किया गया है। इससे भविष्य में एयरपोर्ट का विस्तार करना आसान होगा। काशी में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जो काम हो रहा है, उससे भी सुविधा बढ़ेगी। यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की छोटी छोटी आवश्यकता को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है।

## कहीं शंखनाद तो कहीं पुष्पवर्षा कर पीएम का हुआ स्वागत

वाराणसी के लोगों ने कहीं शंखनाद करके तो कहीं पुष्पवर्षा करते हुए पीएम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने रोप वे का शिलान्यास करते हुए इसकी खूबियां बताई। कहा कि यह ना केवल देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे होगा बल्कि यह दुनिया का तीसरा रोपवे बनेगा। इससे वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक इस तरह का रोपवे बोलीविया के लापाज और मेक्सिको में हैं। इस प्रोजेक्ट को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया जा रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो देश के अन्य स्थानों पर भी इस तरह के प्रोजेक्ट लाए जा सकते हैं।

## जानिए वाराणसी में बननेवाले रोप-वे प्रोजेक्ट के बारे में

- 3.8 किलोमीटर लंबा होगा रोप वे, 16 मिनट में तय होगी दूरी
- स्विट्जरलैंड की कंपनी बथोर्लेट के साथ नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड करेगी प्रोजेक्ट पर काम
- दो मिनट के अंतराल में चलेंगी 150 ट्रॉली कार
- भूतल से 50 मी. की ऊंचाई पर चलेगी ट्रॉली कार
- प्रत्येक ट्रॉली कार की क्षमता 10 यात्री की होगी
- रोपवे से एक तरफ से हर घंटे कम से कम 3000 यात्री कर सकेंगे यात्रा

**गंगा के दोनों तरफ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बनारस के दोनों तरफ पांच किमी के दायरे में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए इस बजट में भी प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बनारस का लंगड़ा आम और जौनपुर की मूली और खरबूजे बनारस के जरिए देश के बड़े बाजारों में पहुंचने लगे हैं। यहां पैदा होने वाली फल और सब्जियां लंदन और दुबई के बाजारों में पहुंच रही हैं।

---

**मानहानि केस : सूरत कोर्ट से मिली सजा के बाद लोकसभा सचिवालय ने लिया फैसला**

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द

- राहुल को अपनी संसद सदस्यता को बचाए रखने के सारे रास्ते बंद नहीं हुए हैं
- हाईकोर्ट में दे सकते हैं चुनौती

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सूरत कोर्ट ने मानहानि मामले में गुरुवार को राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को रद्द कर दिया है जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होने पर उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। हालांकि, राहुल को अपनी सदस्यता को बचाए रखने के सारे रास्ते बंद नहीं हुए हैं। वो अपनी राहत के लिए हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं, जहां अगर सूरत सेशन कोर्ट के फैसले पर स्टे लग जाता है तो सदस्यता बच सकती है। हाईकोर्ट अगर स्टे नहीं देता है तो फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से अगर स्टे मिल जाता है तो भी उनकी सदस्यता बच सकती है। लेकिन अगर ऊपरी अदालत से उन्हें राहत नहीं मिलती तो राहुल गांधी 8 साल तक कोई चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। वहीं, लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनकी अयोग्यता संबंधी आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा।

**राहुल ने 2019 में क्या दिया था बयान :** राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था, "नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था।

## राहुल बोले... मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, मैं हर कीमत चुकाने के लिए तैयार हूं



## राहुल गांधी के मुद्दे पर देशभर में चलाएंगे आंदोलन : कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के खिलाफ कांग्रेस ने सोमवार से संविधान बचाओ आंदोलन का ऐलान किया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बैठक के बारे में कहा, कि हम राहुल गांधी के मुद्दे देशभर में लेकर जाएंगे। हम मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बीजेपी परेशान है। जयराम रमेश ने कहा, राहुल को निशाना बनाया जा रहा है। रमेश ने राहुल की सदस्यता जाने के तीन प्रमुख कारण बताए। उन्होंने पहले कारण के बारे में कहा, राहुल गांधी ने मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। दूसरा कारण, भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से बीजेपी घबराई हुई है। वहीं तीसरे कारण के बारे में कहा कि राहुल गांधी अडानी घोटाले पर बोल रहे हैं।

## प्रियंका का मोदी पर हमला... कहा-आप जैसे कायर, सत्तालोभी तानाशाह के सामने हमलोग न कभी झुके हैं और न ही कभी झुकेंगे

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी आपके चमचों ने एक शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को देशद्रोही, मीर जाफर कहा। आपके एक सीएम ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी का पिता कौन है? कहा कि क्या आपका मित्र गौतम अडानी देश की संसद और भारत की महान जनता से बड़ा हो गया है कि उसकी लूट पर सवाल उठा तो आप बौखला गए? भरी संसद में आपने पूरे परिवार और कश्मीरी पंडित समाज का अपमान करते हुए पूछा कि वह नेहरू नाम क्यों नहीं रखते, लेकिन आपको किसी जज ने दो साल की सजा नहीं दी। आपको संसद से डिस्क्वालिफाई नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, आप मेरे परिवार को परिवारवादी कहते हैं, जान लीजिए, इस परिवार ने भारत के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा है। जिसे आप खत्म करने में लगे हैं। इस परिवार ने भारत की जनता की आवाज बुलंद की और पुश्तों से सच्चाई की लड़ाई लड़ी। हमारी रगों में जो खून दौड़ता है उसकी एक खासियत है, आप जैसे कायर, सत्तालोभी तानाशाह के सामने कभी नहीं झुका और कभी नहीं झुकेगा। आप कुछ कर लें।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर क्या बोले विपक्षी नेता

**दिग्विजय सिंह :** अगर मोदी जी का मन साफ होता और हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के घपले नहीं होते तो क्या कोई प्रधानमंत्री इस बात पर चर्चा करने से पीछे हटता। राजीव गांधी पर भी आरोप लगा था लेकिन वे बेदाग निकले। 7 बार लोकसभा में जेपीसी हो चुकी है, फिर ये क्यों डरते हैं।

**ममता बनर्जी :** पीएम मोदी के न्यू इंडिया में बीजेपी के निशाने पर विपक्षी नेता हैं। जबकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले बीजेपी नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाता है, विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य ठहराया जाता है। आज, हमने अपने संवैधानिक लोकतंत्र के लिए एक नया निम्न स्तर देखा है।

**उद्धव ठाकरे :** राहुल गांधी की उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। चोर को चोर कहना हमारे देश में अपराध हो गया है। चोर-लुटेरे अब भी आजाद हैं और राहुल गांधी को सजा मिल गई है। यह लोकतंत्र का सीधा मर्डर है। सभी सरकारी तंत्र दबाव में हैं। यह तानाशाही की शुरूआत है। अब लड़ाई को उचित दिशा देनी होगी।

**अखिलेश यादव :** बेरोजगारी, महंगाई और अपने दोस्त अडानी पर बहस से ध्यान हटाने के लिए यह सब किया गया है। भाजपा ने सपा के कई नेताओं की सदस्यता ले ली है और आज राहुल गांधी की सदस्यता गई है। वहीं, राजद नेता मनोज झा ने कहा कि आज राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म नहीं हुई है। आज लोकतंत्र की हत्या की घोषणा हुई है।

**अरविंद केजरीवाल :** क्या हाल बना दिया देश का? अभी राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी इन लोगों ने। डरते हो तुम लोग। भारत के इतिहास में सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री कोई अगर हुआ है...जो 12वीं तक पढ़ा है। कोई सबसे कम पढ़ा लिखा प्रधानमंत्री हुआ है तो वह नरेंद्र मोदी हैं।

## मुजफ्फरपुर जंक्शन पर गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी आग, अफरातफरी

**मुजफ्फरपुर।** शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खुलने से पहले ही गरीब रथ एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। प्लेटफार्म पर ट्रेन में बैठने की तैयारी कर रहे यात्रियों के होश उड़ गए। आग लगने की सूचना पर जंक्शन पर मौजूद रेल अधिकारी समेत अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे। आग को बुझाने का काम शुरू किया गया। आग एसी बोगी के G-15 में लगी थी। हालांकि, करीब 20 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार कप्लर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

# समस्तीपुर में बंदूक की नोक पर बैंक में 11 लाख की लूट

**मोहम्मदा गांव स्थित द. बिहार ग्रामीण बैंक की घटना**

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

समस्तीपुर में शुक्रवार सुबह हथियार के बल पर बदमाशों ने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में 11 लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। पांच की संख्या में आए बदमाशों ने पूसा थाना क्षेत्र के मोहम्मदा गांव स्थित बैंक को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार सभी बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था। बदमाशों ने बैंक खुलते ही इस घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पूसा थाना अध्यक्ष के अलावा समस्तीपुर से सदर डीएसपी सेहवान हबीब फखरी मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में बताया गया कि सुबह 10 बजे बैंक खुलते ही ग्राहक बनकर बदमाशों ने बैंक के अंदर प्रवेश किया। जहां उन्होंने बैंक कर्मियों को गन प्वाइंट पर लेकर कैश काउंटर के अलावा बैंक में करीब 11 लाख रुपए भी लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बैंक का शटर गिरा कर फरार हो गए। समस्तीपुर जिले में मार्च महीने में बैंक लूट की अब तक तीन घटनाएं हो चुकी हैं। उधर एसपी विनय तिवारी ने बताया कि घटना की जांच हो रही है।






## नीतीश को बिहार की चिंता नहीं : चिराग

**पटना।** बिहार में बिजली दरों में 24 फीसदी बढ़ोतरी के मामले पर लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने नीतीश सरकार पर हमला बोला। कहा कि नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं, उन्हें बिहार की चिंता कब हुई। हमने तो पहले ही बता दिया था कि जल्द बिहार में बिजली के दाम बढ़ने वाले हैं। और हमारी आशंका सच साबित हुई। महागठबंधन में सिर्फ हर कोई अपनी महत्वकांक्षा पूरी करने में लगा हुआ है। बिहार की जनता से किसी को मतलब नहीं है। चिराग ने कहा कि बिहार की सरकार सबसे महंगी बिजली खरीदती है। सीएम नीतीश कुमार तो पहले ही कह चुके हैं कि बिजली की दरें कम नहीं होंगी। जो इस बात को दर्शाता है कि इनके पास जनता को किसी तरह की भी रियायत की कोई योजना नहीं है।

**सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा रूट और धामों मे पर्याप्त मात्रा में होगी पुलिस बल की तैनाती**

# चारधाम यात्रा को लेकर यातायात का प्लान तैयार

**एजेंसी/देहरादून**




चारधाम यात्रा-2023 को लेकर उत्तरकाशी पुलिस की तैयारियां जोरों पर हैं. यात्रा की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों धाम यमुनोत्री और गंगोत्री की यात्रा पर किस प्रकार की व्यवस्था की जाएगी। देवभूमि उत्तराखंड का पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, यहां पर यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विराजमान हैं। यह पूरे देश मे चारधाम यात्रा के लिए फेमस है। हर साल लाखों की तादाद में श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड के चारों धामों में दर्शन के लिए आते हैं। उत्तरकाशी चारधाम यात्रा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण और पावन स्थल है, यहां पर चारधाम यात्रा का पहला पड़ाव मां यमुना की उद्गम स्थली यमुनोत्री धाम और गंगा का उद्गम स्थल श्री गंगोत्री धाम स्थित हैं। प्रतिवर्ष लाखों की तादाद में श्रद्धालु यहां पर पतित पावनी मां यमुना और गंगा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

पहाड़ी और विपरीत परिस्थितियों के बीच यहां पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को तीर्थ यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा करवाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में अर्पण यदुवंशी ने आयोजित आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने यात्रा रूट और धामों मे पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त करते हुए ज्यादा सतर्कता बरतने की योजना बनाई गई है. धामों, घाटों और स्थलों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर घोड़ों और डंडी-कंडी के सुगम और सुरक्षित संचालन हेतु रोटेशन की व्यवस्था, साथ ही यातायात प्लान तैयार किया गया है। उत्तरकाशी के मुख्यालय में पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें छोटे-छोटे पार्किंगों का निर्माण किया गया।

## एक नजर

### बिहार में बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि से बढ़ेगी महंगाई, पड़ेगा बुरा असर: डॉ इंदु कश्यप

**जहानाबाद।** बिहार में वित्तीय वर्ष 2023- 24 में बिजली बिल में प्रति यूनिट 24.10 फीसदी की बेतहाशा वृद्धि किए जाने के बिहार सरकार एवं बिहार विद्युत विनियामक आयोग के फैसले को लोजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. इंदु कश्यप ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे कुटीर उद्योग, कृषि समेत ग्रामीण उपभोक्ता पर इसका अतिरिक्त भार पड़ेगा, जिससे महंगाई और बेरोजगारी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली के दर में किए गए वृद्धि को वापस ले अन्यथा हमारी पार्टी सदन से लेकर सड़क तक सरकार को इस मुद्दे पर घेरेगी। जरूरत पड़ने पर किसान, मजदूर और आम लोगों के हित में सरकार के इस फैसले के खिलाफ लंबी लड़ाई भी हमारी पार्टी के द्वारा रणनीति बनाकर लड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में बिजली दरों में अब तक सबसे बड़ा बढ़ोतरी इस वित्तीय वर्ष में किया गया है। सरकार के इस फैसले से कुटीर उद्योग और कृषि पर तो बुरा असर होगा ही साथ ही साथ उद्योग धंधों पर भी इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि सरकार एक और राज्य में नए उद्योग लगाने में विफल रही है, वही बिजली दर में बेतहाशा वृद्धि कर रोजगार के अवसरों को लोगों से छीनना चाहती है। राज्य सरकार के गरीब विरोधी और दमनकारी नीतियों का विरोध हमारी पार्टी हमेशा से करती रही है। सरकार को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि जब तक सरकार बिजली दर में वृद्धि के फैसले को वापस नहीं लेती तब तक इस फैसले के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।



### सांसद ने की सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नामकरण करने की मांग

**जहानाबाद।** पार्लियामेंट में जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने नियम 377 के तहत सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नामकरण करने की मांग की। उन्होंने भरे सदन में बताया कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री सुखदेव प्रसाद वर्मा जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सुगांव के रहने वाले थे। मखदुमपुर में सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर एक रेफरल अस्पताल बिहार सरकार के द्वारा बनाया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा भी उनके सम्मान में कुछ किया जाना चाहिए। पूर्व मध्य रेल अंतर्गत दानापुर मंडल के पटना गया रेल खंड पर स्थित मखदुमपुर रेलवे स्टेशन है। मुगलसराय स्टेशन आज दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन है। नवंबर 2021 तक कुल 26 रेलवे स्टेशनों के नाम मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान बदले गए हैं। ऐसे कितने सारे स्टेशन रेल मंत्रालय ने महापुरुषों के नाम पर रखे हैं। करोड़ों लोगों के प्रेरणा श्रोत स्व. सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नामकरण होना चाहिए। अगर इस काम में राज्य सरकार के द्वारा जो भी कार्रवाई किया जाना है, उस काम में सहयोग लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय और नोडल मंत्रालय के माध्यम से इस कार्य को किया जाए। इस तरह के मामलों में तकनीकी और कानूनी मुद्दे का हल भी रेल मंत्रालय का दायित्व है। उन्होंने संसद के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग किया कि व्यापक जनहित में बिहार के गौरव पिछड़े वर्ग के मसीहा स्व. सुखदेव प्रसाद वर्मा के नाम पर मखदुमपुर स्टेशन का नाम किया जाए।



### मखदुमपुर के धराऊत में 46 करोड़ की लागत से 720 बेड का बनेगा अंबेदकर आवासीय विद्यालय

**जहानाबाद।** जिले के प्रभारी मंत्री सह अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन ने जहानाबाद की जनता को करोड़ों की सौगात दी है। उन्होंने जनता से किया गया अपना वादा पूरा करते हुए मखदुमपुर के धराऊत में करीब 46 करोड़ की लागत से भीमराव अम्बेदकर आवासीय विद्यालय बनाने का रास्ता साफ करते हुए इसे कैबिनेट से मंजूरी दिलवा दी है। इस संबंध में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह बता दें कि एक सभा के दौरान मखदुमपुर की जनता ने मंत्री संतोष कुमार सुमन से अंबेदकर आवासीय विद्यालय खुलवाने की मांग की थी। जिसे बिहार कैबिनेट ने 21मार्च को मंजूरी देते हुए इसके निर्माण पर खर्च होने वाले 46 करोड़ 07 लाख रुपए के आवंटन को स्वीकृति प्रदान करते हुए भवन निर्माण विभाग को अविलंब कार्य शुरू कराने को कहा है। डीएम द्वारा इसके लिए विगत 05 जनवरी को ही मखदुमपुर के धराऊत मौजा में करीब 03 एकड़ जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है। राज्य योजना मद से उपरोक्त राशि खर्च करने की स्वीकृति प्रदान करते हुए इसके लिए भवन निर्माण विभाग को कार्य कराने के लिए अधिकृत किया गया है जिसमें करीब 46 करोड़ की लागत से 720 बेड का डॉ. भीमराव अम्बेदकर आवासीय विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। आवासीय विद्यालय के निर्माण से ग्रामीण इलाके के छात्रों को काफी लाभ मिलेगा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगा। बहरहाल मखदुमपुर की जनता की इस मांग के पूरी होने पर इलाके में शिक्षा का विकास और तेजी से हो सकेगा जिसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा।



### डीएम के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

**जहानाबाद।** डीएम रिची पाण्डेय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। डीएम के जनता दरबार में लगभग 80 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद, आवास योजना, विद्युत विभाग, धान अधिप्राप्ति, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने का निर्देया दिया।



## जिले के सभी प्रखंडों में स्थित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया गया विश्व टीबी दिवस

# टीबी सामान्य बीमारी नहीं, इसे नजरअंदाज करने की भूल न करें लोग : सिविज सर्जन

**केटी न्यूज/बक्सर**

हर साल 24 मार्च को ट्यूबरकुलोसिस के हानिकारक प्रभाव, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के संबंध में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के लिए विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस क्रम में जिला मुख्यालय में सिविल सर्जन सह सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा के नेतृत्व में जिला टीबी केंद्र से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों द्वारा टीबी हारेगा, देश जीतेगा के नारे लगाए गएं। साथ ही, माइकिंग के माध्यम से लोगों को टीबी के इलाज, बचाव आदि के संबंध में संदेश दिया गया। इस दौरान टीबी चैंपियन किरण कुमारी समेत जिला टीबी सेंटर के कर्मियों मनीष कुमार श्रीवास्तव, कुमार गौरव, राहुल कुमार आदि के द्वारा टीबी के लक्षण वाले मरीजों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जांच कराने की सलाह भी दी गई। दूसरी ओर, सभी पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

**फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है टीबी :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि विश्व टीबी दिवस का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उन प्रयासों से अवगत कराना भी है, जो न सिर्फ इस बीमारी को रोकने बल्कि इसके उपचार के लिए किए जा रहे हैं। टीबी एक जीवाणु के कारण होने वाला फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है। यह खांसने अथवा छींकने पर हवा में छोड़ी गई छोटी बूंदों से फैलता है। ड्रॉपलेट्स के जरिये फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि भारत अब तेजी से टीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरूआत की जा चुकी है। जहां दुनिया ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, वहीं भारत का संकल्प 2025 तक टीबी मुक्त होना है।



विश्व टीबी दिवस पर डुमरांव प्रखंड के कोरानसराय में जागरूकता रैली में शामिल बच्चे, महिलाएं और स्वास्थ्य कर्मी

- स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली
- जिले में शुरू हुआ टीबी के नए मरीजों की खोज के लिए अभियान

**टीबी को फैलने से रोकने के लिए जागरूक हो लोग :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा के अनुसार हर ऐसा व्यक्ति टीबी के जोखिम में है, जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। इसके अलावा जो लोग कोविड-19 से संक्रमित हो चुके हैं या इससे उबर चुके हैं, उन्हें भी टीबी से संक्रमित होने का जोखिम ज्यादा है। टीबी से मुक्ति के लिए संक्रमित व्यक्ति से बिना-संक्रमित व्यक्ति में इस रोग को फैलने से रोकना और टीबी रोगियों की पहचान कर उनका समुचित उपचार करना बहुत जरूरी है। इसके लिए लोग जागरूक बनें। टीबी से बचने के लिए संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से बचें और ऐसे किसी व्यक्ति के संपर्क में आने पर यदि आप में भी टीबी जैसे लक्षण उत्पन्न हो रहे हों तो तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय में जांच कराना जरूरी है।

**जिले में शुरू हुई टीबी के नए मरीजों की खोज :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि विश्व टीबी दिवस के साथ ही जिले में टीबी के नए मरीजों की खोज शुरू हो गई है। इस क्रम में एचडब्ल्यूसी की भूमिका सबसे अधिक है। जिसके माध्यम से पंचायतों में टीबी के लक्षणों वाले मरीजों की जांच कराई जाएगी। इस क्रम में जिले के सभी एचडब्ल्यूसी के सीएचओ को पिछले पांच सालों के टीबी मरीजों की मैपिंग लिस्ट उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही, उनको पोर्टल पर टैग करने का काम शुरू कर दिया गया है। ताकि, एचडब्ल्यूसी स्तर पर टीबी के मरीजों की जांच, इलाज और परामर्श उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को जिले के सभी जेलों में टीबी मरीजों की जांच शुरू की जाएगी। साथ ही, प्रखंडों में इस अभियान को वृह्द रूप से चलाया जाएगा। जिसमें लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

### टीबी के लक्षण

ट्यूबरकुलोसिस का पता कुछ लक्षणों के माध्यम से लगाया जा सकता है, हालांकि लक्षण आमतौर पर शुरूआती चरण में दिखाई नहीं देते, जो निम्न हैं:

- कम से कम 3 सप्ताह तक लगातार खांसी आना टीबी का प्रमुख लक्षण है।
- खांसी के दौरान रक्त के साथ कफ का बनना एक अन्य प्रमुख लक्षण है जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। साथ ही, खांसते समय खून आना भी इसका एक लक्षण है।
- ठंड लगना, बुखार, भूख न लगना और वजन कम होना अन्य लक्षण हैं।
- रात को पसीना आना और सीने में दर्द भी इस बीमारी का हिस्सा हैं।
- टीबी के कारण पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द, दौरे और लगातार सिरदर्द भी हो सकता है।

### कार्यक्रमों की झलकियां



प्रभातफेरी निकालते सिविल सर्जन व अन्य




प्रभातफेरी में शामिल जीएनएम प्रशिक्षु स्टाफ



गोविंदपुर में प्रभातफेरी में शामिल स्कूली बच्चे व अन्य




कड़सर में प्रभातफेरी में शामिल स्कूली बच्चे व अन्य

## भोजपुर जिले के सात सब इंस्पेक्टर का हुआ तबादला

**केटी न्यूज/आरा**

- विभागीय कार्रवाई झेल रहे अफसर अब नहीं रहे थानेदार
- नवरात्र, रमजान व चैती छठ को ले तत्काल योगदान करने का आदेश

जिले में दारोगा स्तर के सात अफसरों का तबादला कर दिया गया है। कोईलवर थाने में नये थानेदार की पोस्टिंग की गयी है। दारोगा अविनाश कुमार को कोईलवर थाने की कमान दी गयी। इसे लेकर एसपी प्रमोद कुमार द्वारा गुरुवार की रात जिलादेश जारी कर दिया गया है। सभी अफसरों को नवरात्र, रमजान और चैती छठ को लेकर तत्काल योगदान करने का आदेश दिया गया है। सभी ने योगदान भी कर लिया है।

जिलादेश के अनुसार टाउन थाने में पोस्टेड कनीय दारोगा अविनाश कुमार को कोईलवर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। कोईलवर के थानेदार प्रवीण कुमार को पीरो थाने में कनीय दारोगा बनाया गया है। डीआईयू के दारोगा संजय कुमार यादव को मुफस्सिल थाना, नित्यानंद शर्मा को जगदीशपुर थाना और सुदेह कुमार को पीरो थाना में कनीय दारोगा बनाया गया है। इसी तरह जगदीशपुर के कनीय दारोगा रवि गुप्ता और कोईलवर थाने के राजकुमार को डीआईयू शाखा में भेजा गया है। एसपी की ओर से जारी जिलादेश के अनुसार मुख्यालय द्वारा आदेश दिया गया है कि विभागीय कार्रवाई का सामना कर रहे अफसर थानेदार नहीं रहेंगे।

वहीं कोईलवर के थानेदार प्रवीण कुमार के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। साथ ही उनके खिलाफ एएसपी की ओर से रिपोर्ट भी किया गया है। बता दें कि कोईलवर थानाध्यक्ष बना कर भेजे गये दारोगा अविनाश कुमार पूर्व में सिकरहट्टा और शाहपुर थानेदार रह चुके हैं। वे दो बार नगर थाने की भी कमान संभाल चुके हैं।

## बिना लाइसेंस के नहीं निकलेगा रामनवमी का जुलूस : डीएम

आरा। रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला शांति समिति के सदस्यों के साथ डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से बैठक की। शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर अपनी मांगों को डीएम के समक्ष रखा गया। डीएम ने बताया कि जिले में रामनवमी पर्व के अवसर पर हर हाल में शांति एवं विधि-व्यवस्था कायम रहेगी। अफवाह फैलाने वाले, सामाजिक सद्भाव भंग करने वाले, सामाजिक विद्वेष पैदा करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस के द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी तथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस हेतु डीएम व एसपी ने मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति संयुक्त रूप से की जा रही है। रामनवमी पर्व में बिना लाइसेंस के एक भी जुलूस नहीं निकलने देंगे। लाइसेंस निर्गत करने के पूर्व रूट का सत्यापन स्वयं संयुक्त रूप से करने के बाद ही एसडीएम इसकी अनुमति देंगे। वहीं, एक नियंत्रण कक्ष का स्थापना की जाएगी एवं जुलूस के पीछे एंबुलेंस एवं दवाओं की भी व्यवस्था रखी जाएगी।

## चैती छठ के मद्देनजर प्रमुख घाटों पर तैनात रहेंगे दो-दो गोताखोर: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

चैती छठ पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में सभी बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्षों और ओपी प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले रेलवे ट्रैकों एवं फाटक पर जवानों व चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति कर लगातार गश्ती करवाना सुनिश्चित करेंगे। चैती छठ महापर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिले में 65 छठ घाटों व केंद्रों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई है। चैती छठ महापर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु वरीय प्रभार में उप विकास एवं अपर पुलिस अधीक्षक रहेंगे। साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत है जिसके वरीय प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे, जिसका दूरभाष संख्या- 06114 - 223013 है।



बताया गया कि जिले के सुरक्षा प्रबंधन हेतु संगम घाट, यमुना नदी सूर्य मंदिर, मखदुमपुर, काको पनिहास एवं अन्य महत्वपूर्ण घाटों पर दो-दो गोताखोर की प्रतिनियुक्ति की गई है। संगम घाट पर नगर परिषद, जहानाबाद के द्वारा बैरिकेडिंग की व्यवस्था को सुदृढ़ करने और घाट को पूर्णतः प्रकाशमय रखने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी बीडीओ, सीओ और नगर परिषद एवं नगर पंचायत के ईओ अपने-अपने क्षेत्र में घाटों का निरीक्षण कर लेंगे और जहां भी आवश्यक हो वहां बैरिकेडिंग एवं लाइट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक घाट पर डेंजर मार्क करके बैरिकेडिंग घेरा तथा माईकिंग की व्यवस्था बीडीओ और ईओ कराएंगे। घाटों पर महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु कनात/ कपड़े का रूम का निर्माण किया जाएगा।

## समाज कल्याण मंत्री ने वृद्धि निगरानी प्रचार रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

# 25 मार्च से 1 अप्रैल तक पोषण एवं स्वास्थ्य संदेशों को फैलाएगा प्रचार रथ

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राज्य के प्रत्येक जिले में 25 मार्च से 1 अप्रैल तक वृद्धि निगरानी प्रचार रथ का परिचालन किया जायेगा। इसी संदर्भ में आज शुक्रवार को समाज कल्याण मंत्री, बिहार सरकार, श्री मदन साहनी द्वारा प्रतीक स्वरूप 5 वृद्धि निगरानी प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मंत्री, समाज कल्याण विभाग ने बताया कि समाज कल्याण विभाग राज्य के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर हाशिये पर रहने वाली आबादी को स्वस्थ आदतों और व्यवहार परिवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि पोषण पखवाड़ा में समुदाय के बीच पोषण के महत्त्व का संदेश प्रसारित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण के बारे में समुदाय को जागरूक किया जायेगा। विभाग के प्रयासों का परिणाम है कि नवजात शिशु को अब माताएं अपना पहला दूध पिला रहीं हैं और 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान के महत्त्व को समझ रहीं हैं। मोटे अनाजों का सेवन जो आसानी से घर में उपलब्ध होते हैं, उनका उपयोग करने के बारे में जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वृद्धि निगरानी प्रचार रथ के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों के लाभ के बारे में भी लोगों को बताया जायेगा।



**पोषण मानकों में हो रहा सुधार:** समाज कल्याण मंत्री, मदन साहनी ने बताया कि राज्य में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने एवं कुपोषण को दूर करने की दिशा में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग के साथ कई अन्य सहयोगी संस्थाओं और विभागों के द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं और आंकड़ों में निरंतर सुधार भी परिलिक्षित होते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 10 वर्षों में राज्य की शिशु मृत्यु दर 42 से घटकर 27 पर आ गयी है। पांच वर्ष तक के बच्चों में व्याप्त कुपोषण का मुख्य संकेत यानि नाटापन में पिछले 7 वर्षों में लगभग 6 प्रतिशत और उम्र के अनुसार कम वजन के बच्चों की संख्या 3 प्रतिशत तक घटी है।

**मोटे अनाजों और उनके सेवन के उपयोग पर दिया जा रहा बल:** समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि विभाग की प्राथमिकताओं में सबसे प्रमुख है कि हम अधिक से अधिक लोगों और उनके परिवारों को पोषण को बढ़ाने वाली बातों, विशेषकर दो वर्ष तक के बच्चों के लिए बताएं ताकि वह खुद ही जागरूक बनें और पोषण की आदतों को अपने व्यवहार में शामिल कर बिमारियों से बचें। उन्होंने बताया कि हमारे देश में परंपरागत रूप से उगाये जा रहे मोटे अनाजों को खाने के लिए प्रेरित करना आज की सबसे महत्वपूर्ण मांग है। इनमे प्रोटीन, विटामिन, खनिज एवं फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं जो समाज को कुपोषण मुक्त बनाने के साथ मधुमेह, रक्तचाप एवं मोटापे जैसे रोगों से भी बचाएगा।



**चंद्रमा का दिखा अद्भूत रूप : प्रखंड** शुक्रवार को चंद्रमा का अद्भूत नजारा देखने को मिला। वर्षों बाद चंद्रमा के साथ एक चमकीला तारा दिखा। जो देखने में आकर्षित एवं अपने आप में अद्भुत लग रहा था। जैसे ही लोगों को इसके बारे में जानकारी मिली वे घरों से बाहर एवं छतों चंद्रमा के अद्भुत रूप को देखने पहुंच गए। साथ ही लोगों ने इस खगोलीय घटना को अपने कैमरे में भी कैद किया। लोग बताते हैं कि ऐसा चंद्रमा का रूप कई वर्षों बाद देखने को मिला है। यह प्रकृति का अपने आप में एक अद्भुत नजारा है।

# गायत्री महायज्ञ... समाज को नशामुक्त बनाना गायत्री परिवार का उद्देश्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के सिविल लाईन मोहल्ले में गायत्री परिवार जिला इकाई बक्सर के तत्वावधान में भगवती महिला मंडल द्वारा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत की गई है। गुरूवार को गाजे बाजे व मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुए इस तीन दिवसीय महायज्ञ में शामिल होने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस महायज्ञ में गायत्री परिवार के विधानों के तहत पूजा व हवन किया जा रहा है। तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञशाला में हरिद्वार के टोली नायक अनिल कुमार सिंह व उनके टोली द्वारा गायत्री महामंत्र एवं





महामृत्युंजय महामंत्र से हजारों आहुतियां लोक मंगल के लिए समर्पित की गई। यज्ञ के दौरान ही टोली नायक द्वारा कन्याओं का नामकरण संस्कार व अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। संध्या समय टोली द्वारा सुंदर संगीत तथा कथा प्रवचन के साथ भव्य दीप यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बहुत से युवाओं ने नशा छोड़ने व समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। टोली नायक अनिल ने बताया कि इस महायज्ञ का उदेश्य लोक मंगल तथा समाज को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार शुरू से ही चरित्र निर्माण पर बल देता है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार में शामिल होने वाले नये सदस्यों का आत्मशुद्धि करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मशुद्धि से ही मनुष्य अपने विकारों को त्यागकर समाज व देश के कल्याण में लगता है। उन्होंने लोगों से नशा से परहेज करने की अपील की। यज्ञ व हवन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे है। कार्यक्रम में रामानंद तिवारी, संगीता सिंह, गुड्डू सिंह, महिला मंडल की भारती जयसवाल, शोभा चौबे, बंदना सिंह, मीना पांडे, रीना राय, संगीता रीता, प्रीति, निर्मल कुमार जयसवाल, पंकज सिंह समेत सैकड़ो अन्य शामिल रहे।

## बड़ी चुनौती: प्रशासनिक तत्परता के बाद भी नहीं हो रहा भूमि विवाद का खात्मा

# बिखर रही रिश्तों की डोर... अपनों के खून से लाल हो रही धरती, दो माह में तीन हत्याएं

**सौरभ केशरी/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के इलाके में भूमि विवाद के मामलों में आपसी विवादों का दौर तेजी से पनप रहा है. आये दिन जमीन के टुकड़ों को लेकर खूनी संघर्ष व जमकर लाठियां चटक रही है, जिससे अपनो के खून से जमीन लाल हो रही है। स्नेह और आशीर्वाद की तरफ उठने वाले हाथ मौत के तरफ धकेल दे तो समाज व रिश्तों की सामूहिक संवेदना आहत होती है। डुमरांव इलाके के कई थानों के आंकड़ों पर रौशनी डाले तो जमीन की थोडे. से टुकड़ो के खातिर आये दिन खूनी संघर्ष और कई हत्याओं में अपने खास रिश्ते समाहित है, जो ऐसी वारदात के बाद तार-तार हो जाते हैं।

ऐसी वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बन जाती है और लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पुलिस के आपराधिक फाइलों में दर्ज आंकड़ों पर गौर करें तो 60 फीसदी मामले भूमि विवाद से संबंधित मारपीट, आपसी संघर्ष से संबंधित हैं। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी करती है तो परिवार में बिखराव की स्थिति बन जाती है। सूबे की सरकार ने भूमि विवादों को सुलझाने के लिए कई तरीके इजाद किया है। सरकार के निदेर्शों के बाद जिले के आला अफसरों ने तत्परता दिखाई फिर भी डुमरांव के शहरी और ग्रामीण इलाके में भूमि विवाद का खात्मा नहीं हो सका। ऐसे मामले अनुमंडल के विभिन्न थानों की हकीकत बयां करने के लिए काफी है। कई थाना क्षेत्रों में ऐसे मामले संगीन अपराध जैसी घटनाओं का भी गवाह बना है, जो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनते जा रहा है। भूमि विवाद के मामले में पुलिस-प्रशासन सुस्त पड़ जाता है। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी तब होती है जब पीड़ित द्वारा दी गयी एफआईआर में उसका नाम आता है। ऐसे मामलों के निपटारे जल्द नही होने से लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न हो जाती है।



### आलाधिकारी ऐसे मामलों पर रखते हैं नजर

भूमि संबंधित मामलों के निपटारे को लेकर जिले और अनुमंडल के आलाधिकारियों की नजर रहती है। सरकार के निदेर्शों के बाद जिलाधिकारी व एसपी थाने में लगाये जाने वाले कैंपों की समीक्षा करते है और निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटाने का निर्देश देते है। अगर स्थानीय स्तर पर मामलों का निष्पादन नही हो सका तो एसडीओ और डीएसपी स्तर के अधिकारी महीने के दूसरे सप्ताह में ऐसे मामलों पर अपने स्तर से समीक्षा कर आपसी सहमति या सुसंगत नियमों के अनुसार निपटाने का प्रयास करते है। अगर यहां से भी यह मामला नहीं सुलझा तो डीएम और एसपी स्तर पर भी ऐसे भूमि विवाद मामलों को सुलझाने का अथक प्रयास किया जाता है।

### केस 1

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जयपुर गांव में फौजी चाचा ने अपने ही सगे भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला जमीन के टुकड़े के लिए विवाद बताया जाता है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी फौजी तारक पांडेय को गिरफ्तार कर लिया और ठिकाने पर छापेमारी कर भारी मात्रा में कारतूस व लाइसेंसी राइफल भी जब्त किया था।

### केस 2

मुरार थाना क्षेत्र के ओझाबरांव में होली की शाम जमीन विवाद को लेकर भतीजा ने अपने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार विकास यादव ने अपने चाचा ठाकुर यादव पर दो गोलियां चलायी और तीसरी गोली भाई के पुत्र राहुल यादव को मारी। इस घटना में चाचा की मौत हो गयी जबकि बेटा इलाजरत है।

### केस 3

कोरानसराय थाना क्षेत्र के बसगीतियां गांव निवासी सतेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मामला अपने पट्टीदारों से जमीन विवाद से जुड़ा था। मृतक ईंट भट्ठे पर नाइट गार्ड का काम करता था। इस मामले में मृतक के परिजनों ने नौ लोगों के खिलाफ कोरानसराय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## खबरें फटाफट

### 53 लीटर शराब के साथ दो नाबालिग तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के पनियारी गांव के पास से स्थानीय पुलिस ने 53 लीटर महुआ शराब के साथ दो नाबालिग तस्करों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी बाइक बाइक भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार दोनों नाबालिग चनवथ गांव निवासी हैं। जिसे पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद आरा बाल सुधार गृह में भेज दिया है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नहर मार्ग में शराब की खेप चनवथ गांव की तरफ जाने वाली है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ पनियारी गांव के पास नहर मार्ग पर वाहन चेकिंग करने लगे। में छापेमारी किया। एक बाइक पर सवार दो नाबालिग नहर मार्ग पर पहुंचे। जहां पुलिस देखकर भाग निकलने की कोशिश किया। पर पुलिस के जवानों ने दोनों नाबालिग को पकड़ लिया। साथ ही बाइक पर रखी प्लास्टिक बोरी की तलाशी लिया। बोरी के अंदर प्लास्टिक थैली में 53 लीटर महुआ शराब थी। जिसके बाद पुलिस ने शराब के साथ दोनों नाबालिग तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी बाइक जब्त कर ओपी ले आए। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों नाबालिग तस्कर को कोर्ट में प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेश बाल सुधार गृह आरा भेज दिया गया है।

### फरार शराब तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बसगितीया गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शराब मामले में फरार चल रहे सरोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं गिरफ्तार तस्कर के घर से पूर्व में शराब की खेप बरामद हुई थी। लेकिन वह पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा था। गुरूवार की रात स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि फरार सरोज अपने घर आया है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल छापेमारी अभियान चला उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि की है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने का लिया गया निर्णय

**केटी न्यूज/चौगाई**

शुक्रवार को मुरार थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने किया। शांति समिति की यह बैठक रामनवमी को लेकर आयोजित की गई थी। इस दौरान शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। थानाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों व सदस्यों को रामनवमी के संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान डीजे नहीं बजाना है। अश्लील तथा द्विअर्थी गीतों, जुलूस के दौरान उन्माद फैलाने वाले नारों आदि पर रोक रहेगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी डीजे संचालकों को इसकी जानकारी दी गई है। जुलूस में डीजे बजाने पर उनके डीजे को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति पूर्ण माहौल में रामनवमी का त्योहार मनाने की अपील की। बता दें कि इस बार रामनवमी के साथ ही रमजान का महीना भी शुरू हो गया है। जिस कारण पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। ताकी उपद्रवी तत्व धार्मिक उन्माद फैलाने में कामयाब नहीं हो सके। बैठक में उप प्रमुख राहुल मेहता, बीडीसी श्रीनिवास यादव, चौगाई मुखिया प्रतिनिधि बड़कु सिंह, अर्जुन सिंह समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन तथा शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## जन सुनवाई में पंचायत प्रतिनिधियों ने नल जल समेत अन्य योजनाओं की खोली पोल

**केटी न्यूज/सिमरी**

शुक्रवार को सिमरी प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के सामाजिक अंकेक्षण सोसाईटी की ओर से किया गया था। जिसमें पंचायतों में संचालित योजनाओं की समीक्षा तथा जन-सुनवाई की गई। इस जन सुनवाई में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने नल जल योजना समेत कई अन्य योजनाओं की पोल खोल कर रख दी। प्रतिनिधियों ने कहा कि धरातल पर आज भी नल जल योजना सफल नहीं हो पाई है। अधिकांश वार्डों तो इसका क्रियान्वयन भी नहीं हो सका है।



जबकि कही मोटर खराब होने तो कही फटे पाइप के कारण जलापूर्ति बाधित है। इसके अलावे जलजीवन हरियाली योजना पर भी प्रतिनिधियों ने सवाल उठाए। जबकि बीडीओ ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से पूरा करने को कहा। जबकि शिकायतों के संबंध में संबंधित विभाग को रिपोर्ट देने की बात कही। मौके पर बीडीओ शशीकांत शर्मा, पीओ नुरुल होदा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रिति कुमारी, किशुन कुमार मुखियाओं में अशोक राय, धर्मराज चौरसिया सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने फूंका पीएम का पुतला, जताया विरोध



**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमिटी ने शुक्रवार को बक्सर के वीर कुंवर सिंह चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया। पुतला दहन का यह आयोजन अडानी के महाघोटाले एवं जेपीसी की मांग को लेकर किया गया। जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। अडानी पर इतना बड़ा खुलासा होने के बाद भी कोई करवाई नहीं करना, केन्द्र सरकार की मंशा को स्पष्ट कर रहा है। केन्द्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले विपक्ष के लोगों पर बिना कारण के ईडी और सीबीआई के द्वारा परेशान करवाया जा रहा है। इससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार अपने मित्र अडानी को बचाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि मुद्दे को भटकाने के लिए विपक्ष के नेताओं पर सरकारी जांच संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, पूर्व प्रदेश सचिव कामेश्वर पांडेय, राहुल आनंद, जिला उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्र, राजारमन पांडेय, धनजी पांडेय, संजय पांडेय, करुणानिधि दुबे, शिव कांत मिश्र, जमाल अली, रामस्वरूप अग्रवाल, गुप्तेश्वर चौबे, सुरेश जायसवाल, झूना शुक्ला, राजेंद्र ओझा, पप्पू दुबे, राघवेंद्र मिश्र, ईसान त्रिवेदी, अभिमन्यु मिश्र, रामेश्वर सिंह समेत कई अन्य शामिल थे।

### टीबीमुक्त भारत को लेकर इटाढ़ी में चलाया गया जागरूकता अभियान, लोगों को दी गई जानकारी




**इटाढ़ी।** शुक्रवार को इटाढ़ी प्रखंड के वेलनेस सेंटर एवं प्रखंड मुख्यालय पर टीवी उन्मूलन के समर्थन में जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जागरूकता अभियान टीबी दिवस के मौके पर आयोजित हुआ था। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को टीबी रोग तथा उसके रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा लोगों को रोग के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि जिसमें टीबी के लक्षण दिखे उसकी जांच स्वास्थ केन्द्रों में करवाई जाए तथा पुष्टि होने पर उसका दवा करवाया जाए। वक्ताओं ने कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है बल्कि सरकारी अस्पतालों में इसका मुफ्त इलाज होता है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने की रणनीति बनाई है। आम जन जागरूक हो इस अभियान को सफल बना टीबी जैसी खतरनाक बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकते है। इस दौरान प्रखंड के स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्लोगन के माध्यम से कहा कि प्रखंड ने ठाना है टीबी रोग भगाना है। पीएचसी व प्रखंड मुखयालय के साथ ही इटाढ़ी, महदह समेत अन्य वेलनेस सेंटरों पर जागरूकता कार्यक्रम के महत मार्च भी निकाला गया। इस अवसर पर यूएनडीपी को-ऑर्डिनेटर मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर इंदु कुमारी, प्रखंड अनुश्रवण सहायक प्रकाश दुबे, गोपाल, कालाजार पर्यवेक्षक अभिषेक सिन्हा, प्रखंड लेखापाल चंदन कुमार, नीलम वर्मा शामिल रहे। इसके पूर्व सुबह में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया था। इस मौके पर इंदु कुमारी ने बताया कि सभी गांव में आशा के माध्यम से सघन अभियान चलाकर सस्पेक्टेड मरीजों का सैंपल का जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड में 15 मरीजों को गोद लेने के लिए निक्षय मित्र का सहमति लिया गया।

### रमजान : पहले जुम्मे पर अकीदत से पढ़ी गई नमाज



**डुमरांव।** रमजान का पाक महीना जुम्मे के साथ शुरू हो गया है। पहले जुम्मे पर अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में विभिन्न मस्जिदों में नमाज अता की है। बता दें कि रमजान के दौरान पूरे महीने मुसलमान भाई रोजे रखते हैं। इस दौरान पांच वक्त की नमाज के साथ ही तराबीह पढ़ते है। वही रमजान के महीने में जुम्मे के नमाज का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। पहले जुम्मे पर ही शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों में रोजेदारों की भारी भीड़ उमड़ी थी। भीषण गर्मी में शुरू हुए रमजान में भी रोजेदारों का उल्लास चरम पर देखा गया।

## डुमरांव स्थित बीएमपी फोर में मनाया गया बिहार सशस्त्र पुलिस अधिनियम दिवस, आयोजित हुए कई कार्यक्रम

# जवानों ने देश सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय बीएमपी-4 परिसर में शुक्रवार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस अधिनियम दिवस मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। बीएमपी जवानों ने इस दौरान स्थानीय परेड ग्राउंड में परेड और भव्य मार्च पास्ट निकाल झंडे को सलामी दी। इसी के साथ ही सशस्त्र पुलिस अधिनियम दिवस समारोह की शुरूआत हुई। इस दौरान बतौर अतिथि अनुमंडल पुलिस मुख्यालय के एएसपी राज के साथ बीएमपी समादेष्टा रामाशंकर सिंह, समादेष्टा वीणा कुमारी आदि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके बाद सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ जल-जीवन-हरियाली का संदेश दिया। सभी जवानों ने देश सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों को बचाने का संकल्प भी लिया। बीएमपी अधिकारियों ने इस दौरान कहा कि बीएमपी के जवानों को प्रशिक्षण के दौरान देश सेवा व कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही सोसल वर्को के तहत पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि की सीख दी जाती है।

**पौधरोपण ही है पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र उपाय:** अपने संबोधन में एएसपी राज ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि बिगड़ रहे प्यार्वरण को बचाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनकी देखभाल करना है। एएसपी ने कहा कि पेड़-पौधे धरती के आभूषण है। अगर यह ना रहे तो धरती कुरूप और भयावह दिखेगी और धरती पर जीवन समाप्त हो जाएगा। इसके अलावे उन्होंने जल संरक्षण पर भी बल दिया और कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण में पुलिस के साथ आम लोगों को भी आगे आना होगा। एएसपी ने हालिया वर्षों में असंतुलित हो रहे पर्यावरण के पीछे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई तथा भूमिगत जल के अधिक दोहन को कारण बताया और कहा कि हमे अभी से सचेत होना होगा, नहीं तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर परिणाम देखने को मिलेंगे।

### खेलकूद व माकड्रिल से जवानों ने लूटी वाहवाही

सशस्त्र पुलिस अधिनियम दिवस के मौके पर बीएमपी-4 के जवानों के बीच कई तरह की खेल प्रतियोगिताएं तथा फर्स्ट ऐड व राहत व बचाव संबंधित मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। जिसमें जवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जवानों द्वारा राहत और बचाव कार्य के अतिरिक्त विधि-व्यवस्था के दौरान किये जाने वाले कार्यों का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों में कर्तव्य परायणता के साथ देश सेवा करने का संकल्प लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान जवानों के कौशल व उनकी फूर्ति देख आगत अतिथि तालियां बजा उनका हौसला अफजाई कर रहे थे। अंत में प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य की प्रस्तुति विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों व स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गयी।

## एक नजर

### अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता में रेयांश को मिला तीसरा पुरस्कार

**बलिया।** डाक विभाग द्वारा भारत सरकार के "विजन 2047" के अन्तर्गत "भारत विजन 2047" विषय पर वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता "ढाई आखर" का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया गया था। जिसमें बलिया डाक मंडल के विभिन्न विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया था कइस प्रतियोगिता के श्रेणी ए (अंतदेर्शीय पत्र) (18 वर्ष तक) में बलिया जनपद के सनबीम स्कूल, बलिया के छात्र रेयांश नाथ पाण्डेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य व परिमण्डल में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा जनपद का नाम बढ़ाया हैकरेयांश नाथ पाण्डेय के लिए चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश ने पुरस्कार स्वरुप प्रशस्ति पत्र एवं 5000 रुपए की धनराशि जारी की। जिसे डाक अधीक्षक बलिया मण्डल ने रेयांश नाथ पाण्डेय को प्रदत्त कियाकइसी क्रम में डाक विभाग द्वारा 26 मार्च को प्रधान डाकघर बलिया में अन्तर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमे 15 वर्ष तक की आयु वाले प्रतिभागी हिस्सा ले सकतें हैं कयह प्रतियोगिता अंग्रेजी एवं संविधान की आठवीं अनुसूची में अंकित किसी भी भाषा में लिखी जा सकती हैं कराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ क्रमशः 50000 रुपए, 25000 रुपए व 10000 रुपए तथा परिमण्डल स्तर पर प्रशस्ति पत्र के साथ 25000 रुपए,10000 रुपए व 5000 रुपए दिए जायेंगे।



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव ने जेल का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में 24 मार्च 2023 को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ताओं, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई। उनके यथोचित अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1041 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 909 पुरूष, 39 महिला व 93 अल्पवयस्क हैं। सुबह का नाश्ता-दलिया चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पत्ता गोभी) शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना उरद दाल, सब्जी (आलू, पालक बैगन) तथा सायं चाय, बिस्कुट। उनके द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। जिससे जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरों के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारापाल व उप कारापाल श्री कमलचन्द उपस्थित रहे।




### प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन

**गाजीपुर।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर प्रत्येक माह की नौ और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन होता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदबाद जो प्रथम संदर्भम इकाई के रूप में शुमार है। यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में एचआरपी महिलाएं पहुंचकर अपना ईलाज एवं परामर्श के साथ ही निः शुल्क जांच भी कराई। प्रत्येक माह की 24 तारीख को जनपद के सभी प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया जाता है। डॉ. आशीष राय ने बताया कि केंद्र पर नियमित जांच व उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था की चिह्नित लाभार्थी को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। हर माह की नौ तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किए जाने वाले पीएमएसएमए दिवस के साथ माह की 24 तारीख को एफआरयू पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इस दिवस पर गर्भवती की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की निःशुल्क सुविधा हुई। इसके साथ ही टिटनेस- डिप्थीरिया (टीडी) का टीका, आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक दवाएं मुफ्त दी गई। एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के लिए सलाह भी दिया गया।



### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1026 जोड़ों की संपन्न हुई शादियां



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में कुल 1026 जोड़ों की शादियां संपन्न हुई। जिसके तहत लाभार्थियों के खातो में कुल 3 करोड़ 59 लाख 10 हजार की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। 200 लाभार्थियों का आवेदन पत्र प्राप्त ना होने के कारण शेष राशि व्यय नहीं की जा सकी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि मात्र 2.69 प्रतिशत लाभार्थियों के आधार सीडिंग का कार्य शेष रह गया है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत इस वर्ष 758 लाभार्थियों हेतु कुल 227.40 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है।छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जितने भी पात्र आवेदन थे, सभी अग्रसारित कर दिए गए हैं। इसके अलावा पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के 7713 छात्रों हेतु 80.108 लाख एवं सामान्य वर्ग के 506 छात्रों हेतु 13.637 लाख की धनराशि व्यय की गई। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति के 6297 छात्रों हेतु 75.56 लाख एवं सामान्य वर्ग के 443 छात्रों हेतु 13.43 लाख की धनराशि व्यय की गई।

# माता का अलौकिक रूप: यहां दिन में तीन बार मूर्ति का बदलता है रंग

- सिकन्दरपुर क्षेत्र के खरीद की भवानी के दर्शन करने दूर दूर से आते हैं श्रद्धालु

**केटी न्यूज/बलिया**



यूं तो देश के कोने कोने के साथ ही बलिया जनपद में भी देवी के अनेक शक्तिपीठ हैं। जिनमें मैहर की भवानी, ऊंचेड़ा की भवानी, सिकन्दरपुर क्षेत्र के खरीद की भवानी आदि हैं। इनमें अनेक कारणों से खरीद के दुर्गा भवानी का अलग ही महत्व है। जहां तक खरीद के दुर्गा देवी के इतिहास की बात है तो विभिन्न पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार मेघा ऋषि की कृपा से अपना राज्य वापस पाने के बाद यहां राजा सूरथ ने सूरथ ने यहां मूर्ति स्थापित कराया था। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार एक बार पड़ोसी मुल्क के राजा ने सूरथ के राज्य पर आक्रमण कर के उस पर कब्जा कर लिया।पराजय के बाद राजा सूरथ घोड़े पर सवार हो कर जंगल में भटकते भटकते खरीद के समीप वन में स्थित मेघा ऋषि के आश्रम पर पहुंच गए। जब वह आश्रम पर पहंचे तो ऋषि को तपस्या में लीन देख कर वहीं हाथ जोड़ कर बैठ गए।इस दौरान मेघा ऋषि ने आंख खोली तो देखा कि सामने हाथ जोड़े राजा सूरथ बैठे हैं।तब ऋषि ने राजा से आने का कारण पूछा तो उन्होंने ने शुरू से अंत तक सारी बातें बता कर अपने राज्य की पुनः वापसी की कामना किया। पूरी बात सुनने के बाद ऋषि ने राज्य के पुनः वापसी का राजा को वरदान दिया। साथ ही देवी की तपस्या करने को उन्हें आदेश दिया। ऋषि के आदेश के बाद सूरथ नें आश्रम से थोड़ी दूर पर देवी के मिट्टी की प्रतिमा बना कर तपस्या शुरू कर दी। करीब तीन साल तक तपस्या के बाद प्रसन्न हो कर देवी ने स्वयं प्रकट हो कर सूरथ को राज्य के वापसी का वरदान दिया।

वरदान मिलने के बाद राजा अपने राज्य में वापस आ गए और सेना को पुनः संगठित करके पड़ोसी दुश्मन राजा को पराजित कर के पुनः अपने राज्य को वापस पा लिया। राज्य वापसी से प्रसन्न सूरथ ने अष्ट धातु की मां की मूर्ति बनवा कर ऋषि के आश्रम के समीप स्थापित कराया। अब तो मां की मूर्ति का ऊपर एक भव्य मन्दिर निर्मित हो गया है। वैसे तो पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का मंदिर पर मत्था टेकने का कार्य जारी रहता है किन्तु वासन्तिक व शारदीय नवरात्रि में यह संख्या काफी बढ़ जाती है।

### पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने भी मंदिर में टेका है मत्था

सुबह मां तरुणा के रूप में नजर आती हैं, तो अपराह्न में प्रौढ़ रूप का दर्शन होता है। शाम के समय वृद्धा के रूप में दर्शन देती हैं। मां की शक्ति व चमत्कार का ही नतीजा है कि यहां श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाने से नहीं चूकता। समय समय पर भवानी माई के दरबार में दिग्गजों ने भी मत्था टेका है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व राज्यपाल रोमेश भंडारी व मोतीलाल बोरा आदि नेता यहां आ चुके हैं। दो वर्षों की तपस्या के बाद देवी ने दर्शन दिया तो राजा व वैश्य ने मनोवांछित सिद्धि के साथ यहां नित्य विराजमान हो कल्याण का वरदान मांगा था। अपना आशीष व अभीष्ट सिद्धि का वरदान दे मां अंतर्ध्यान हो गईं। मां के आशीर्वाद से राजा सूरथ व समाधि वैश्य को अभीष्ट की प्राप्ति हुई। राज्य मिलने के बाद राजा ने खरीद में ही तपस्या स्थल से 500 मीटर की दूरी पर वरदहस्ता भगवती की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित करवाई, जो जमीन में दब गई थी ।

## विश्व टीबी दिवस पर गांवों में क्षय रोग से बचाव के लिए चलाया गया जन जागरण अभियान

# टीबी रोग से मुक्ति दिलाने के लिए जेसी विश्वविद्यालय 10 गांवों को लेगा गोद

**केटी न्यूज/बलिया**

भारत सरकार ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व क्षय रोग दिवस निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशिका डॉ. पुष्पा मिश्रा के निदेर्शानुसार बसंतपुर ग्रामसभा के शिव मंदिर के प्रांगण में विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के द्वारा गावों में टीबी संक्रमण बीमारी और उसके स्वास्थ्य परिणामों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके जरिए 2025 तक भारत से टीबी को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने के लिए देश व प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मुहिम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 10 गावों में चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय स्वास्थ्य मिशन के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार प्रभारी व पर्यवेक्षक सुमित कुमार उपस्थित रहें।



- 2025 तक जनपद से टीबी को जड़ से खत्म करने का रखा गया है लक्ष्य

हनुमानगंज ब्लॉक के चिकित्सक डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि टीबी अब लाइलाज नहीं है। इसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि टीबी बीमारी को ठीक होने में 6 से 8 माह का समय लगता है और मरीज पूर्णता ठीक हो जाता है। टीबी से शरीर का जो हिस्सा प्रभावित होता है। उसी के आधार पर टीबी के लक्षण विकसित होते हैं। टीबी आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होते हैं और हमें पता लगने में कई हफ्ते लग जाते हैं। हो सकता है कि संक्रमित होने के बाद हमारे लक्षण महीनों और यहां तक कि सालों बाद शुरू होने लगे। जांच के लिए आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी लोगों को भागीदारी से टीवी जैसी बीमारी को खत्म किया जा सकता है। सरकार रोगियों को 500 रुपए तथा 6 महीनों की निःशुल्क दवाइयां चलाई जाती है।

समाज कार्य विभाग के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि जिस प्रकार महिलाएं अपने परिवार अपने बच्चों का ख्याल रखती हैं। उसी प्रकार उन्हें अपने स्वास्थ्य का भी अच्छी प्रकार से ख्याल रखना चाहिए। वह पौष्टिक आहार लेना चाहिए। वह अपनी खुराक का अच्छे प्रकार से ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा महिलाओं में स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए महिलाओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य विभाग के छात्र हरीश यादव द्वारा किया गया। इस दौरान बसन्तपुर ग्रामसभा के पूर्व प्रधान शिवानन्द मिश्रा, समाज कार्य विभाग के डॉ. रूबी, डॉ. प्रेमभूषण यादव व समाज कार्य विभाग के छात्र छात्राओं में अमृतांशु श्रीवास्तव, अर्चना, प्रदीप सिंह, आशीष वर्मा, विशाल, शिप्रा श्रीवास्तव, तेजस्वी सिंह, नंदलाल, सोनी यादव, प्रदीप गुप्ता, गौरव राय, अमरनाथ व रोहित मौजूद रहे।

### इनको खतरा ज्यादा

अच्छा खानपान ना करने वालों को टीवी का ज्यादा संभावनाएं रहती है क्योंकि कमजोर इम्यूनिटी से उनका शरीर बैक्टीरिया का वार नहीं झेल पाता। जब कम जगह में ज्यादा लोग रहते हैं तब इंफेक्शन तेजी से फैलता है डायबिटीज के मरीजों में स्टेरॉयड लेने वालों और एचआईवी मरीजों को भी खतरा ज्यादा बढ़ सकता है।

### ऐसे करें बचाव

अपनी इम्यूनिटी सिस्टम को दुरुस्त रखें न्यूट्रिशंस से भरपूर खासकर प्रोटीन डाइट सोयाबीन, दाले,मछली, अंडा, पनीर लेनी चाहिए कमजोर टीवी के बैक्टीरिया के एक्टिव होने के चांस होते हैं। क्षय रोगियों को इन खाद्य सामग्रियों का प्रयोग आवश्य रूप से करना चाहिए। भुना हुआ चना, गुड़, मूंगफली, चिक्की, सत्तू, पौष्टिक बिस्कुट व अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल करना चाहिए।

### 58 करोड़ से भृगु मंदिर का कॉरीडोर के रूप में होगा विकास

**बलिया।** जनपद के प्रसिद्ध भृगु मंदिर को कारीडोर के रूप में विकसित करने के लिए 58 करोड़ रुपये से कार्य कराया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार ने इसका कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्क्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में प्रजेंटेशन दिया। ये कार्य पर्यटन विकास विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से मिलकर कराया जाएगा। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनपद में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने को लेकर रणनीति बनाई गई।

परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर सुरहाताल में इको पार्क और भृगु मंदिर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास को अनुमोदित किया गया। सुरहाताल में ईको पार्क के लिए पहले एक रूपरेखा खींची गई थी, लेकिन इसके लिए डीएफओ की ओर से फिर से सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद डीपीआर को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं, भृगु कारीडोर के लिए पर्यटन विभाग की ओर से तैयार कराए गए डीपीआर का प्रजेंटेशन किया गया। जल्द ही इसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी ने बताया कि जनपद बलिया में पर्यटन विकास के लिए जनप्रतिनिधियों से प्राप्त तीन प्रस्ताव परासर मुनि आश्रम का सौंदर्यीकरण, वीर कुंवर सिंह शहीद स्मारक और बैरिया में ग्राम सभा मिल्कीपुर में महाराज बाबा स्थान के विकास के लिए प्रस्ताव शासन ने स्वीकृत कर लिया है।

## दो ट्रकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक चालक की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के करीमुद्दीनपुर थाने के उत्तमपुर गांव के सामने दो ट्रकों के आमने-सामने टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार की रात लगभग 11 बजे बलिया से वाराणसी की तरफ जा रहे ट्रक को सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक चालक नागेंद्र यादव (40) पुत्र घुरहू यादव ग्राम कैथी थाना चौबेपुर जिला वाराणसी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

इसके अलावा इस ट्रक में सवार खलासी बबलू यादव निवासी नंदगंज घायल हो गया है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उधर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक चालक शिबरन यादव निवासी बहलोलपुर थाना जंगीपुर भी घायल हो गया। इस संबंध में मृत ट्रक चालक के रिश्तेदार राजेश यादव द्वारा करीमुद्दीनपुर थाने में तहरीर दी गई है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मृतक नागेंद्र यादव के शव को पुलिस कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नवरात्र में मां भगवती के मंदिर में चोरी

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौलीकला गांव में बीती रात चोरों ने मां भगवती के मंदिर में प्रवेश कर उसमें रखा तीन घंटा जिसका वजन 50 किलो व मां भगवती के सोने की आंख सहित पूजा के सामान चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह पूजा करने गई महिलाओं ने मंदिर के घंटा व मां भगवती की सोने की आंख गायब देख दंग रह गई। महिलाओं ने आवाज लगा गांव के लोगों को मौके पर बुला लिया। चोरी की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामिणों की भीड़ जूट गई। हर आदमी मंदिर की चोरी से आश्चर्यचकित है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित कर मौके पर बुला लिया। मौके पर पंहुची पुलिस जांच में जुट गई। थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। पुलिस मौके पर पंहुचकर जांच में जुट गई है।

## स्टांप निबंधन एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल करेंगे निबंधन कार्यालय का उद्घाटन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के सेवराई तहसील क्षेत्र के लोगों के लिए बहुप्रतीक्षित निबंधन कार्यालय के उद्घाटन पर तमाम अटकलों पर विराम लग गया। शनिवार को स्टांप निबंधन एवं न्यायालय शुल्क राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल इसका उद्घाटन करेंगे। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र के लोगों को रजिस्ट्री, शादी- विवाह का पंजीयन कराने के लिए जमानिया जाना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए विधायक ओमप्रकाश सिंह ने प्रयास कर नवसृजित तहसील सेवराई पर निबंधन कार्यालय खोलने का प्रस्ताव शासन को लिखा था। इनके प्रस्ताव पर तहसील मुख्यालय के ठीक सामने एक निजी भवन में निबंधन कार्यालय की सारी व्यवस्थाएं तो पूरी कर ली गई, लेकिन एक लंबे अंतराल से इसके उद्घाटन किए जाने का इंतजार हो रहा था। शनिवार को स्टांप निबंधन एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री रविंद्र जयसवाल इसका शुभारंभ करेंगे।

शुक्रवार की दोपहर विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह,



तहसीलदार अमित शेखर, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रेम प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने निबंधन कार्यालय का निरीक्षण कर इस उद्घाटन कार्यक्रम को अंतिम मूर्त की तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रेम प्रकाश ने बताया कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह की मौजूदगी में रविंद्र जायसवाल द्वारा नवसृजित उप निबंधक कार्यालय सेवराई का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा।

## लोक निर्माण विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों के 13 संपर्क मार्गों की ली सुध

# एक करोड़ 41 लाख से होगी 13 संपर्क मार्गों की मरम्मत व नवीनीकरण

**केटी न्यूज/बलिया**

शासन का ग्रामीण इलाकों में स्थित संपर्क मार्गों की मरम्मत पर काफी जोर है। इसको देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के कुल 13 संपर्क मार्गों को चिह्नित किया है। इन सभी मार्गों का एक करोड़ 41 लाख की लागत से सामान्य मरम्मत के साथ ही नवीकरण का कार्य कराया जाएगा। विभाग ने इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार जल्द टेंडर पूरा कर लिया जाएगा। जिले के ग्रामीण इलाकों के संपर्क मार्गों की दशा भी काफी बेहाल है। इसको लेकर समय-समय पर ग्रामीणों की ओर से आवाज भी उठाई



गई। अब लोक निर्माण विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों के 13 संपर्क मार्गों की सुध ली है और सामान्य मरम्मत के साथ ही इन मार्गों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने कवायद तेज कर दी है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि इसमें वह मार्ग शामिल हैं, जो काफी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कहा कि इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू है जो इसी माह पूरा कर लिया जाएगा।

बलिया निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता देवेंद्र वर्मा ने बताया कि चयनित कार्यदायी संस्था को तीन माह में कार्य पूरा करने की समय सीमा निर्धारित है। सड़कों का समय-समय पर सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण कराया जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों के 13 मार्गों का सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण कराया जाएगा।

### जिले के चयनित इन संपर्क मार्गों को किया जाएगा दुरुस्त

- नीरुपुर बिगही मार्ग से कृपालपुर संपर्क मार्ग 31 लाख रुपए
- एनएच 31 से चंद्रशेखर नगर संपर्क मार्ग 20 लाख रुपए
- दुबहड़ ब्लॉक के बजहां दुबौली संपर्क मार्ग से सोनपुर कला संपर्क मार्ग 4.50 लाख रुपए
- जसांव सोनवानी से उधो दवनी संपर्क मार्ग 3.50 लाख रुपए
- जसांव सोनवानी मार्ग से अरुण सिंह के घर तक 2.50 लाख रुपए
- नीरुपुर बिगही से बसुधरपाह 6.50 लाख रुपए
- एनएच 31 से माल्देपुर जूनियर हाई स्कूल तक संपर्क मार्ग 2 लाख रुपए
- अरईपुर बसुदेवा मार्ग से कोड़रा संपर्क मार्ग 4.50 लाख रुपए
- फेफना गड़वार से बलेजी मार्ग 6 लाख रुपए
- सुखपुरा पीडब्ल्यूडी मार्ग से ग्राम खरहाटार होते हुए तपनी नहर तक 29 लाख रुपए
- गड़वार ब्लाक के सोनबरसा से अरईपुर ग्राम को जोड़ते हुए जनऊपुर तक 23 लाख रुपए
- बहादुरपुर कारी मार्ग से अरईपुर मार्ग 9.50 लाख रुपए
- पचखोरा रतसर मार्ग से धनौती पुरा मार्ग 3 लाख रुपए